अध्याय - 13
व्यावसायिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य

संगठन

13.2 कारखाना सलाह सेवा एवं श्रम संस्थान श्रम मंत्रालय का एक संबद्ध कार्यालय है महानिदेशालय(डीजीफासली), मुंबई, कारखानों एवं पत्तनों/गोदियों में कामगारों की सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कल्याण से संबंधित मामलों में मंत्रालय के तकनीकी स्कंध के रूप में कार्य करता है। यह कारखानों एवं पत्तनों में व्यावसायिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संबंधी नीति और कानूनों के गठन एवं समीक्षा में केन्द्र सरकार की सहायता करता है; कारखाना अधिनियम, 1948 के उपबंधों के कार्यान्वयन एवं प्रवर्तन में राज्यों व संघशासित प्रदेशों के कारखाना निरीक्षणालयों से संपर्क बनाए रखता है; तकनीकी मामलों पर सलाह देता हैः गोदी कामगार(सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कल्याण) अधिनियम, 1986 को लागू करवाता हैः औद्योगिक सुरक्षा, व्यावसायिक स्वास्थ्य, औद्योगिक आरोग्य एवं औद्योगिक मनोविज्ञान इत्यादि में अनुसंधान कार्य करता है तथा मुख्यतः औद्योगिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रशिक्षण प्रदान करता है, जिसमें औद्योगिक सुरक्षा में एक वर्ष का डिप्लोमा पाठ्यक्रम, औद्योगिक स्वास्थ्य में तीन महीने का स्नातकोत्तर प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम (औद्योगिक स्वास्थ्य का एसोसिएट फेलो), औद्योगिक आरोग्य तकनीकों में छः सप्ताह का पाठ्यक्रम और जोख़िम प्रकिया उद्योगों में कार्यरत पर्यवेक्षीय कार्मिकों के लिए सुरक्षा और स्वास्थ्य पर एक महीने का विशेषज्ञ प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम शामिल हैं।

13.3 डीजीफासली संगठन की संरचना में मुख्यालय, पांच श्रम संस्थान और 11 मुख्य पत्तनों में गोदी सुरक्षा निरीक्षणालय शामिल हैं। मुंबई स्थित मुख्यालय में निम्नलिखित प्रभाग हैं, नामतः कारखाना सलाह सेवा, गोदी सुरक्षा और पुरस्कार ।

13.4 केन्द्रीय श्रम संस्थान ने मुंबई 1959 में कार्य करना शुरू किया। वर्तमान परिसर में संस्थान फरवरी 1966 में स्थानांतरित हुआ और मुख्य कारखाना सलाहकार के अधीन, विभिन्न स्थानों पर कार्यरत, सभी कार्य-विभागों को एक छत्रछाया में लाया गया। पिछले 31 वर्षों में संस्थान ने प्रगति की है और निम्नलिखित प्रभागों सहित एक प्रमुख राष्ट्रीय संसाधन केन्द्र का दर्जा प्राप्त कर लिया हैः

- औद्योगिक सुरक्षा
- औद्योगिक आरोग्य
- औद्योगिक चिकित्सा
- औद्योगिक फिजियोलोजी
- औद्योगिक मनोविज्ञान
- औद्योगिक एर्गोनॉमिक्स
- पर्यावरणीय अभियांत्रिकी
- कर्मचारी प्रशिक्षण
- लघु उद्योग कारखाने
- उत्पादकता
- भीषण दुर्घटना खतरा नियंत्रण
- प्रबंध सूचना सेवाएं
- सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संचार
- निर्माण सुरक्षा

13.5 संस्थान के विभिन्न प्रभागों की गतिविधियों में अध्ययन एवं सर्वेक्षण करना, प्रशिक्षण कार्यक्रम, संगोष्ठियां एवं कार्यशालाएं आयोजित करना, तकनीकी सलाह देना, सुरक्षा परीक्षण करना, वैयक्तिक सुरक्षा उपकरणों की जांच

करके निष्पादन रिपोर्ट जारी करना, व्याख्यान देना, इत्यादि शामिल हैं। इनमें से जो कुछ सुविधाएं जिन क्षेत्रों में उपलब्ध नहीं हैं, वे आवश्यकता होने पर वहां प्रदान की जाती हैं।

13.6 कोलकाता चेन्नई और कानपुर स्थित क्षेत्रीय श्रम संस्थान(RLIs) उनसे संबंधित, देश के विभिन्न क्षेत्रों में सेवाएं प्रदान करते हैं। इन संस्थानों में से हरेक में निम्नलिखित प्रभाग/अनुभाग हैः

* औद्योगिक सुरक्षा
* औद्योगिक आरोग्य
* औद्योगिक चिकित्सा
* प्रशिक्षण एवं उत्पादकता
* संचार
* भीषण दुर्घटना खतरा नियंत्रण
* कंप्यूटर केन्द्र

13.7 फरीदाबाद के क्षेत्रीय श्रम संस्थान के गठन का कार्य अभी जारी है। केन्द्रीय श्रम संस्थान, मुंबई के एक अधिकारी को प्रतिनियुक्ति पर लेकर, किराए के परिसर में एक कार्यालय स्थापित किया गया है। यह उत्तरी राज्यों/संघशासित प्रदेशों नामतः दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, जम्मू व काश्मीर और हिमाचल प्रदेश को एक अधिक प्रभावी ढ़ंग एवं प्रत्यक्ष रूप से सेवाएं प्रदान करेगा, क्योंकि फिलहाल इन्हें क्षेत्रीय श्रम संस्थान, कानपुर सेवाएं प्रदान कर रहा है, जिसे कई राज्यों को अपनी सेवाएं प्रदान करनी पड़ती हैं।

13.8 भारत के 11 मुख्य पत्तनों नामतः कोलकाता, मुंबई, चेन्नई, विशाखापट्‌टनम, परादीप, कांडला, मार्मुगांव, तूतिकोरीन, कोचीन, जवाहरलाल नेहरू पोर्ट और न्यू मैंगलोर में गोदी सुरक्षा निरीक्षणालय स्थापित किए गए हैं। एन्नोर पत्तन पर गोदी सुरक्षा निरीक्षणालय स्थापित करने की प्रक्रिया जारी है।

कर्मचारियों की संख्या

दिनांक 30.09.2006 के अनुसार डी जी फासली संगठन में जनशक्ति की स्थिति बॉक्स 13.2 में दी गई हैः

क्रियाकलाप

13.9 **कारखानों में सुरक्षा**

मुख्य कारखाना निरीक्षकों, राज्य सरकारों, श्रम मंत्रालय, कारखानों आदि को निम्नलिखित विषयों पर, कारखाना अधिनियम,1948 के उपबंधों पर टिप्पणियां/स्पष्टीकरण उपलब्ध कराए गएः

- व्यावसायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य पर मसौदा विधान।
- व्यावसायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य से संबंधित राष्ट्रीय नीति के मसौदे पर विभिन्न मंत्रालयों/राज्य सरकारों और अन्य संगठनों से प्राप्त सुझाव।
- व्यावसायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए संवर्धक फ्रेमवर्क पर कंवेंशन और संस्तुतियों से संबंधित आई.एल.ओ. रिपोर्ट IV2(B)
- पश्चिम बंगाल नगर निगम विधेयक, 2006.
- "विभिन्न अधिनियमों के अन्तर्गत औद्योगिक इकाइयों की अपेक्षाओं को सरल और कारगर बनाना" पर वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा गठित समिति की रिपोर्ट पर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट।
- "प्रतिष्ठित कार्य-एशियन लक्ष्य" पर आई.एल.ओ. की रिपोर्ट।
- श्रम निरीक्षण कन्वेंशन नं. 81-रिपोर्ट फार्म और अवधारणा 2004 को

आई.एल.ओ. की अन्तिम रिपोर्ट के लिए प्रस्तुत करना।

- कारखाना (तमिलनाडु) संशोधन विधेयक,2005
- मुख्य औद्योगिक दुर्घटनाओं की रोकथाम से संबंधित आई.एल.ओ. कन्वेंशन सं. 174.
- युवा व्यक्तियों की रात की पाली में काम करने से संबंधित आई.एल. ओ. कन्वेशन सं. 90
- भारत सरकार के प्रत्येक मंत्रालय में सांख्यिकी सलाहकार पदनामित करने का प्रस्ताव।

अन्य :

- अपराध कानून (आशोधन) विधेयक,2005 से संबंधित जानकारी तैयार की गई- “Plea Bargaining” की परिकल्पना।
- 26-27 अक्तूबर,2006 को “व्यावसायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य से सम्बद्ध संस्थानों, वृत्तिकों और सेवाओं के प्रत्यायन के लिए राष्ट्रीय बोर्ड की स्थापना” पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

गोदी सुरक्षाः

13.10 गोदी कामगार(सुरक्षा, स्वास्थ्य और कल्याण), अधिनियम, 1986, दिनांक 14 अप्रैल 1987 को प्रवृत हुआ। इस अधिनियम के अधीन गोदी कामगार(सुरक्षा, स्वास्थ्य और कल्याण), नियम, 1990 और विनियम 1990 बनाए गए। इन नए प्रावधानों के कारण, गोदी कार्य में पर्याप्त विस्तार हुआ है और पत्तनों पर कार्यरत वे सभी कामगार, जो पहले सुरक्षा, स्वाथ्य और कल्याण के दायरे में नहीं आते थे, अब सम्मिलित हो गए हैं। इसके अतिरिक्त, कारखाना सलाह सेवा और श्रम संस्थान महानिदेशालय, भारत के प्रमुख पत्तनों पर गोदी सुरक्षा निरीक्षणालयों के माध्यम से पर्यावरण(संरक्षण) अधिनियम, 1986 के अधीन बनाए गए जोख़िमपूर्ण निर्माण, भण्डारण और रासायनों का आयात नियम, 1989 भी लागू कराता है।

13.11 अप्रैल 2006 से सितम्बर 2006 की अवधि के दौरान मुख्य पत्तनों पर गोदी सुरक्षा निरीक्षणालयों ने पोतों और तेल टैंकरों के 716 निरीक्षण किए। सभी पत्तनों पर कुल मिलाकर 86 रिपोर्ट करने योग्य दुर्घटनाएं हुई जिनमें से 7 घातक थीं।

प्रशिक्षण कार्यक्रम
व्यावसायिक कार्यक्रम

- वर्ष 2005-06 के दौरान कारखाना अधिनियम 1948 की धारा 40(B) और इसके अधीन बनाए गए नियमों के अन्तर्गत अपेक्षित 143 सुरक्षा अधिकारियों के लिए केन्द्रीय श्रम संस्थान, मुंबई, क्षेत्रीय श्रम संस्थान कोलकाता , क्षेत्रीय श्रम संस्थान कानपुर, क्षेत्रीय श्रम संस्थान चेन्नई में औद्योगिक सुरक्षा पर एक वर्षीय उन्नत डिप्लोमा पाठ्यक्रम आयोजित किया गया।
- कारखाना अधिनियम 1948 की धारा 41-c और इसके अधीन बनाए गए नियमों में यथा अपेक्षित 62 चिकित्साकार्मिकों के लिए केन्द्रीय श्रम संस्थान, मुंबई और क्षेत्रीय श्रम संस्थान कोलकाता में तीन माह एसोसिएट फैलो(AFIH) पाठ्यक्रम आयोजित किया गया।

औद्योगिक सुरक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इनमें से कुछ कार्यक्रमों में एक ही संगठन के प्रबंधन कार्मिकों और मजदूर संघ नेताओं की संयुक्त प्रतिभागिता एक विशेष उपलब्धि रही। सितम्बर 2006 की अवधि के दौरान संगोष्ठी, कार्यशालाओं सहित 66 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए तथा कारखानों में आयोजित प्रशिक्षणों में 353 संगठनों के 1221 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त डीजीफासली के विभिन्न प्रभागों और मुंबई, कोलकाता, चेन्नई और कानपुर स्थित श्रम संस्थानों द्वारा आयोजित प्रोत्साहन कार्यक्रमों में 2630 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

अध्ययन/सर्वेक्षण

13.12 चयनित उद्योग और परिचालन समूहों में कार्य परिस्थितियों और सुरक्षा मानकों का पता लगाने के लिए **राष्ट्रीय अध्ययन तथा सर्वेक्षण कार्य किए जाते हैं।** झारखंड और कर्नाटक राज्यों में सक्षमता मूल्यांकन और व्यावसायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य प्रबंधन के लिए राष्ट्रीय अध्ययन और सर्वेक्षण पूर्ण किए गए। इसके अतिरिक्त(1) बिहार, त्रिपुरा और उत्तरांचल राज्यों में सक्षमता मूल्यांकन और व्यावसायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य प्रबंधन (2) बाल मज़दूरों का (आई. एल.ओ. परियोजना) का सुरक्षा, स्वास्थ्य और एर्गोनॉमिक्स जैसे राष्ट्रीय अध्ययन/सर्वेक्षण प्रगति पर हैं।

13.13 कार्यस्थल पर सुरक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण के स्तर का पता लगाने के लिए राज्य के कुछेक प्राथमिकता क्षेत्रों में **राज्य स्तरीय अध्ययन और सर्वेक्षण किए जाते हैं।** राज्य स्तरीय अध्ययन, नामतः मैसर्स मॉनसेंटो कैमिकल इंडिया लिं., सिलवासा में हर्बिसाइड के जोख़िम का अध्ययन पूर्ण हो गया तथा "श्री श्याम बोर्ड और पेपर मिल लिं., काशीपुर उत्तरांचल में सोडियम क्लोरेट भण्डारण क्षेत्र में दुर्घटना की जांच" का अध्ययन प्रगति पर है।

13.14 प्रबंधकों के अनुरोध का **इकाई स्तर पर परामर्श अध्ययन किए जाते हैं** और आगे सुधार करने के लिए तथा सिफारिशों को लागू करने के लिए रिपोर्ट भेज दी जाती हैं। निम्नलिखित क्षेत्रों में परामर्श अध्ययन किया गयाः

• वायुचालितप्रदुषक	11
• शोर का स्तर	2
• पर्यावरण	5
• ऊष्मा तनाव अध्ययन	1
• वातायन अध्ययन	1
• सुरक्षा जांच	10
• हैजोप अध्ययन	1
• एर्गोनॉमिक्स अध्ययन	10
• जोखिम मूल्यांकन	1

नेशलन रेफरल डायग्नॉस्टिक सेंटरः

13.17 सिलिकॉसिस, व्यावसायिक त्वचारोग आदि जैसे व्यावसायिक रोगों के संदिग्ध मामले नेशनल रेफरल डायग्नॉस्टिक सेंटर को राय के लिए भेजे जाते हैं।

डीजीफासली की प्लान योजनाएं

13.18 वर्ष 2006-07 के दौरान, दसवीं पंचवर्षीय योजना के अधीन डीजीफासली में 6 प्लान योजनाओं का क्रियान्वयन किया गया है। इनमें से तीन नौवी पंचवर्षीय योजना से जारी हैं और शेष तीन सातवीं पंचवर्षीय योजना से जारी है।

जारी प्लान योजनाएं

प्लान योजना-I : सुरक्षा और स्वास्थ्य सूचना प्रणाली तथा डाटा बैंक का विकास

उद्देश्य : व्यावसायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य राष्ट्रीय सूची और राज्य कारखाना निरीक्षणालयों तथा डीजीफासली के बीच तालमेल का विकास। इस सूची में कारखाना अधिनियम, 1948 के अन्तर्गत निर्माण क्रियाकलाप, इकाइयों और राज्य स्तर पर व्यावसायिक चोट और रोगों, व्यावसायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य प्रबंधन से संबंधित जानकारी होगी। (क) व्यावसायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य डाटा बैंक का विकास, (ख) व्यावसायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य जानकारी का विस्तार इस योजना की उपलब्धियां हैं।

प्लान योजना-II: फरीदाबाद में क्षेत्रीय श्रम संस्थान की स्थापना

उद्देश्यः इस योजना का मुख्य उद्देश्य सुरक्षा और स्वास्थ्य से संबंधित उत्तर क्षेत्र की आवश्यकताओं को पूरा करना है जो क्षेत्रीय श्रम संस्थान, कानपुर द्वारा, अधिक कार्यभार के कारण, प्रभावी रूप से पूरी नहीं की जा रहीं है। यह संस्थान लघु उद्योगों को सहयोग देने के लिए विशेष ध्यान देगा। इसके साथ ही यह, मंत्रालय तथा अन्य सरकारी विभागों से बेहतर संपर्क बनाने में डीजीफासली की नीति योजना में सहयोग देगा।

प्लान योजना-III : मुख्य पत्तनों पर गोदी कामगारों की सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए प्रवर्तन प्रणाली में सुधार लाना और उसे सुदृढ़ बनाना।

उद्देश्यः निरीक्षकों के ज्ञान में वृद्धि और उनकी दक्षता का विकास करना ताकि वे समुद्रीय उधोग के मौजूदा विकास का निर्वहन करने में सक्षम हों तथा प्रशिक्षकों, प्राधिकृत, जिम्मेदार एवं सक्षम व्यक्तियों आदि तथा विशेषज्ञ श्रेणी के अन्य व्यक्तियों को खतरनाक पदार्थ एवं कन्टनर्स को हैंडल करने का प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए डीजीफासली के अधिकारियों की क्षमता का विकास करना। इससे पर्यावरण(संरक्षण) अधिनियम, 1986 तथा जोख़िमपूर्ण रासायन का निर्माण, भण्डारण और आयात नियम, 1989 के अधीन गोदी सुरक्षा मुख्य निरीक्षक के रूप में डीजीफासली के संवैधानिक दायित्व पूर्ण होंगे।

(i) गोदी सुरक्षा निरीक्षकों, दायित्वपूर्ण व्यक्तियों, प्राधिकृत व्यक्तियों, पर्यवेक्षीय कार्मिकों, मजदूर संघ कर्मचारियों, पत्तन प्रशिक्षण संस्थानों के प्रशिक्षकों, सुरक्षा समिति सदस्यों, सक्षम व्यक्तियों और सुरक्षा अधिकारियों के लिए विशिष्ट प्रशिक्षण कार्यक्रमों/ संगोष्ठियों/ कर्मशालाओं का आयोजन तथा (ii) पोत, कन्टेनर, शिप, टैंकर, लूज़ गीयर, गोदी, कन्टेनर यार्ड, जोख़िम पूर्ण प्रतिष्ठापन, विलगित भण्डारण और पाइपलाइन, आई.सी.डी. आदि का निरीक्षण जैसे प्रवर्तन क्रियाकलाप इस योजना की मुख्य उपलब्धि हैं।

पुरानी प्लान योजनाः

पुरानी प्लान योजना IV : रसायन सुरक्षा प्रणाली की स्थापना और जोख़िमपूर्ण उद्योगों में कार्यरत कामगारों के व्यावसायिक स्वास्थ्य स्तर की निगरानी

उद्देश्यः इस योजना के तीन घटक हैं, रासायन सुरक्षा, व्यावसायिक स्वास्थ्य और वैयक्तिक संरक्षण उपकरण का परीक्षण और प्रमाणन । प्लान योजना के ये तीनों घटक 8वीं प्लान अवधि के दौरान एक पृथक प्लान योजना के रूप में आरंभ किए गए थे। तथापि तीनों प्लान योजनाएं गत् वर्ष 9वीं प्लान योजना में आयोजित कर ली गई। प्लान योजना के उद्देश्य इस प्रकार हैंः

- प्राथमिकता वाली जोख़िमपूर्ण रासायन प्रक्रियाओं में व्यावसायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य पर पर्याप्त मात्रा में विवरण जुटाने के लिए राष्ट्र स्तरीय अनुसंधान परियोजना पर कार्य करना।
- प्रबंधन, कामगारों और उनके प्रतिनिधियों की क्षमता सुदृढ़ करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर रासायन सुरक्षा में स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रशिक्षण उपलब्ध कराने और मुख्य औद्योगिक दुर्घटनाओं की रोकथाम और व्यावसायिक स्वास्थ्य पर प्रशिक्षण देना।
- स्वास्थ्य प्रावधानों के प्रभावी प्रवर्तन के लिए राज्य सरकारों की सहायता करना, उदाहरण के लिए, पहले आपूर्ति किए गए उपकरणों के उपयोग द्वारा कारखाना अधिनियम की धारा 41- च के अधीन कार्य पर्यावरण की निगरानी करना।
- व्यावसायिक स्वास्थ्य परिचायक पाठ्यक्रम सहित चिकित्सा अधिकारियों के लिए औद्योगिक स्वास्थ्य के एसोसिएट फैलो पाठ्यक्रम का क्षेत्रीय श्रम संस्थानों तक विस्तार करना।
- वैयक्तिक संरक्षण उपकरणों के लिए गुणता आश्वासन कार्यक्रम।

(क) प्रशिक्षण कार्यक्रम, संगोष्ठी/कार्यशाला, अध्ययन और सर्वेक्षण, विभिन्न पाठ्यक्रमों का आयोयजन तथा (ख) गैर श्वसनिक और श्वसनिक व्यक्तिक संरक्षण उपकरणों आदि का परीक्षण इस योजना की मुख्य उपलब्धियां हैं।

प्लान योजना V : कारखानों, गोदियों तथा लघु और मध्यम उद्योगों में एर्गोनॉमिक्स का उपयोग और कार्य परिस्थिति और उत्पादकता में सुधार

एर्गोनॉमिक्स

उद्देश्य :

- कारखानों, गोदियों तथा निर्माण कार्य में अनुसंधान अध्ययन/परामर्श करना ताकि मानव और मशीन में सामंजस्य हो सके।
- दैनिक औद्योगिक कार्यों के लिए थर्मल सीमा के मानक तय करना तथा विभिन्न समस्याओं के सुधारात्मक उपाय करना
- कार्यभार के विभिन्न समिश्रणों के लिए कार्य-विश्राम अवधि निर्धारित करना।

लघु और मध्यम उद्योग :

उद्देश्य : लघु और मध्यम उद्योगों में कार्य परिस्थिति में सुधार करना जिससे मालिकों, प्रबंधकों और कामगारों के प्रशिक्षण द्वारा उच्च उत्पादकता और कर्मचारी सुविधा और सन्तुष्टि प्राप्त हो सके।

प्रशिक्षण कार्यक्रम, अध्ययन/सर्वेक्षण आदि इस स्कीम की उपलब्धियां हैं।

प्लान योजना – VI : डीजीफासली को पुनः संगठित और सुदृढ़ बनाना तथा विशेष स्कंधों की स्थापना।

उद्देश्य : कारखाना (संशोधन) अधिनियम, 1987 के अधीन विशिष्ट अपेक्षाओं को तथा कारखाना में सुरक्षा और स्वास्थ्य मानकों को प्रभावी रूप से पूरा करने के लिए विशेष स्कंधों के सृजन द्वारा डीजीफासली में सुविधाओं का पर्याप्त विस्तार करना।

व्यावसायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य पर स्लाइड/पोस्टर तथा वीडियों फिल्मों का निर्माण इस योजना की उपलब्धियां हैं।

भीषण दुर्घटना खतरा नियंत्रण

13.19 केन्द्रीय श्रम संस्थान, मुबई में भीषण दुर्घटना खतरा नियंत्रण परामर्श प्रभाग राज्य सरकारों और एमएएच इकाइयों को भीषण दुर्घटना खतरों के नियंत्रण, आपात स्थिति योजनाओं की तैयारी, सुरक्षा परीक्षण, जोखिम मूल्यांकन आदि पर सलाह देता है। यह रिपोर्ट तैयार होने तक, एमएएच इकाइयों, जोखिमपूर्ण रसायन, उपलब्ध आपात स्थिति योयजनाओं के विवरण इस प्रकार हैः 1539 एमएएच इकाइयां, 162 जोखिमपूर्ण रसायन, 1361 स्थल पर आपात स्थिति योजनाएं।

प्रबंधन सूचना सेवाएं

13.20 कें.श्र.सं. कनाडियन व्यावसायिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य केन्द्र द्वारा सीडीरोम्स के रूप में प्रकाशित माइक्रोफिशेज़ और अंतर्राष्ट्रीय सॉफ्टवेयरों में सुसज्जित है, जिनमें सीसीआईएनएफओ डिस्क, सीआईएस ग्रंथात्मक सूचना तंत्र, रासायनिक पदार्थों के विषैले प्रभावां पर निओश रजिस्ट्री, पर्यावरण एवं स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं वाले रसायनों पर सूचना(सेसार्स), आदि शामिल हैं। इसके पास व्हाज़ान और ईपाकेम सॉफ्टवेयर भी है। माइक्रोफिश पठन सेवा एक सुसज्जित पुस्तकालय के जरिए प्रदान की जाती है जिसमें 25,000 से भी अधिक पुस्तकें और तकनीकी ग्रंथ हैं। ई-मेल सेवा के जरिए कें.श्र.सं. निकनेट से जुड़ गया है। इसके अलावा, श्रम मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा भारतीय व्यावसायिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य नेटवर्क(इंडोश्नेट) भी स्थापित किया गया है जिसमें डीजीफासली प्रमुख एजेन्सी के रूप में तथा सीआईएस केन्द्र नेटवर्क संचालक के रूप में काम कर रहे हैं।

डीजीफासली वेबसाइटः

13.21 डीजीफासली की वेबसाइट जनवरी, 2001 में शुरू की गई। वेबसाइट www.dgfasli.nic.in विभिन्न सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर सूचना का एक स्रोत है। इन विषयों में ओएस एण्ड एच अध्ययनों, रिपोर्टों के सारांश पर सूचना तंत्र, श्वसनी एवं गैर-श्वसनी वैयक्तिक सुरक्षा उपकरणों के परीक्षण, ज्वालारोधी उपकरण अनुमोदन, सामग्री सुरक्षा सूचना पत्र और नेशनल रेफरल डायग्नॉस्टिक सेंटर आदि के क्षेत्र में डीजीफासली द्वारा प्रदत्त सलाह सेवाएं शमिल हैं। डीजीफासली का समाचारपत्र इंडोश्न्यूज़ भी वेबसाइट पर उपलब्ध है। सभी श्रम संस्थानों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम के कैलेन्डर, राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार एवं विश्वकर्मा राष्ट्रीय पुरस्कार, एएफआईएच कोर्स, औद्योगिक सुरक्षा में डिप्लोमा कोर्स की घोषणा आदि, आवेदन पत्रों के साथ वेबसाइट पर ही उपलब्ध हैं। इस वेबसाइट पर उपयोगकर्ता सुरक्षा व स्वास्थ्य संबंधी अन्य उपयोगी वेबसाइटों तक भी पहुंच सकते हैं और सुरक्षा एवं स्वस्थ्य से जुड़ी एजेन्सियों के संगठन विवरण की राष्ट्रीय निर्देशिका प्राप्त कर सकते हैं। वेबसाइट पर कारखाना अधिनियम, 1948 और इसके अंतर्गत बनाए गए आदर्श नियम तथा गोदी कामगार(सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कल्याण) अधिनियम, 1986 आदि भी दिए गए हैं। उपयोगकर्ता वेबसाइट पर ही अपनी टिप्पणियां और अपेक्षाएं दे सकता है ताकि वेबसाइट को और अधिक उपयोगी बनाया जा सके। वेबसाइट को दूरस्थ प्रकाशन प्रणाली के जरिए अद्यतन किया जाता है।

सुरक्षा और स्वास्थ्य संचार

13.22 औद्योगिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कल्याण के अद्यतन के लिए केन्द्रीय श्रम संस्थान और क्षेत्रीय श्रम संस्थान वीडियो फिल्मों और बैनर, सुरक्षा पोस्टर और तकनीकी साहित्य जैसी प्रचार सामग्री उपलब्ध कराते हैं। केन्द्रीय श्रम संस्थान में आवश्यक सुविधाओं से युक्त एक कला स्टूडियो है।

औद्योगिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कल्याण केन्द्र

13.23 केन्द्रीय श्रम संस्थान और क्षेत्रीय श्रम संस्थानों के औद्योगिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कल्याण केन्द्र पैनलों, मॉडलों, चार्ट, ग्राफ्स,आलेखों आदि के जरिए खतरा संप्रेषण का प्रसार करते हैं, जिन्हें उद्योगों से कामगार, कार्यपालक तथा अन्य देशों के प्रतिनिधि देखने के लिए आते हैं। इस अवधि में 1868 आगन्तुकों के लिए 86 सुरक्षा और स्वास्थ्य प्रोत्साहन कार्यक्रम आयोजित किए गए।

वैयक्तिक सुरक्षा उपकरणों का परीक्षण

13.24 केन्द्रीय श्रम संस्थान, मुंबई स्थित श्वसनी एवं गैर-श्वसनी वैयक्तिक सुरक्षा उपकरण परीक्षण प्रयोगशालाएं कनस्तर, मास्क, हेल्मेट, सुरक्षा जूतों, सुरक्षा चश्मों, सुरक्षा पट्टों, वेल्डिंग चश्मों आदि के निष्पादन परीक्षण करती हैं। संबंधित बीआईएस मानकों के अनुसार निष्पादन गुण सुनिश्चित करने के लिए निम्नलिखित उपकरणों का परीक्षण किया गया :

- 65 डस्ट रेस्पिरेटर, कनस्तर, डस्ट फिल्टर आदि।
- हेल्मेट, सुरक्षा जूतों आदि जैसे 191 गैर-श्वसनी उपकरण।

13.25 बी आई एस मानक आई एसः 2148-1981 के अनुसार, ज्वालारोधी विद्युतीय एन्क्लोज़रों के जोख़िमपूर्ण वातावरण में उपयोग के लिए डीजीफासली, अनुमोदन एजेंसी है। 5 निर्माताओं से प्राप्त आवेदनों में से 4 निर्माताओं को 5 अनुमोदन प्रदान किए गए।

13.26

बीआईएस समिति में प्रतिनिधित्वः

13.27 डीजीफासली के अधिकारियों ने सुरक्षा एवं स्वास्थ्य मामलों से जुड़ी कई बीआईएस समितियों/उपसमितियों में प्रतिनिधित्व किया।

13.28 श्रम मंत्रालय की ओर से, डीजीफासली सन् 1985 से विश्वकर्मा राष्ट्रीय पुरस्कार(जिसे पहले राष्ट्रीय श्रम वीर पुरस्कार कहा जाता था) और सन् 1965 से राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार योजनाएं क्रियान्वित कर रहा है। सन् 1970 में और पुनः 1977 में इन योजनाओं में सुधार किया गया। फिलहाल लागू योजनाएं इस प्रकार हैः

- **विश्वकर्मा राष्ट्रीय पुरस्कारः यह योजना** (i) उच्च उत्पादकता (ii) कार्य स्थिति में सुधार (iii) उत्पादन की गुणता और सुरक्षा के साथ-साथ विदेशी मुद्रा की बचत (iv) स्थापनाओं की दक्षता में संपूर्ण सुधार के संबंध में अतिविशिष्ट सुझाव के लिए राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता देने के उद्देश्य से तैयार की गई है। इस योजना में कारखानों और गोदियों में कार्यरत कामगार भाग ले सकते हैं। इस योजना के अन्तर्गत प्रत्येक वर्ष आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं और ये आवेदन कामगारों की ओर से प्रबंधक भेजते हैं।
- पुरस्कारों को तीन श्रेणियों में रखा गया है अर्थात् श्रेणी (**क**) – 50,000रूपए प्रत्येक के **3** पुरस्कार, श्रेणी (**ख**) – 25,000 रूपए प्रत्येक के 5 पुरस्कार और श्रेणी (**ग**) – 10,000 रूपए प्रत्येक के 10 पुरस्कार।
- **राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कारः** कारखाना अधिनियम, 1948 के अन्तर्गत आने वाले औद्योगिक प्रतिष्ठानों और गोदी कामगार(सुरक्षा, स्वास्थ्य और कल्याण) अधिनियम, 1986 तथा भवन और अन्य निर्माण कामगार(रोज़गार विनियम और सेवा की शर्तें) अधिनियम, 1996 के अन्तर्गत आने वाले नियोक्ताओं के अच्छे सुरक्षा निष्पादन को मान्यता देने के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार प्रदान किए जाते

हैं। विजेताओं और उप विजेताओं को शील्ड और प्रमाण पत्र प्रदान किये जाते हैं। योजना I से VIII तक कारखानों और निर्माण स्थलों तथा योजना IX से X तक पत्तनों से संबंधित हैं।

13.28 वर्ष 2005 के विश्वकर्मा राष्ट्रीय पुरस्कार और राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार प्रदान करने के लिए 17 सितम्बर,2006 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। तत्कालीन श्रम और रोज़गार राज्यमंत्री, श्री चन्द्रशेखर साहू ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। विश्वकर्मा राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए प्राप्त 320 आवेदनों में से 91 को पुरस्कृत किया गया तथा राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार के लिए प्राप्त 405 आवेदनों में से 109 को पुरस्कृत किया गया।

खान सुरक्षा महानिदेशालय, धनबाद

13.29 खनिज को किसी भी देश के आर्थिक विकास का मेरूदंड समझा गया है और भारतवर्ष प्रकृति के इस उपहार से संपन्न है । प्रगतिशील औद्योगीकरण एवं माँग में वृद्धि के अनुरूप विभिन्न खनिजों के उत्पादन में धीरे-धीरे वृद्धि हुई । लगातार पंचवर्षीय योजनाओं में खनन गतिविधि में तेजी आई । वृद्धिगत लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए खनन गतिविधि में यांत्रिकीकरण किया गया है । तालिका 13.3 में कुछ मुख्य प्राचालों के विकास जैसे खानों की संस्था, उत्खनित खनिजों के मूल्य, कार्यरत औसत मशीनी शक्ति एवं व्यवहार में लाये गए विस्फोटकों आदि को दर्शाया गया है । बड़े पैमाने पर मशीनीकरण करने के कारण खानों में कार्यरत श्रमिकों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को जोखिमों का सामना करना पड़ता है । भारतीय संविधान के अनुसार खानों में कार्यरत श्रमिकों की सुरक्षा, कल्याण और स्वास्थ्य केन्द्र सरकार के विषय हैं (संघ सूची के अनुच्छेद 246 की प्रविष्टि 55) इस उद्देश्य की पूर्ति खान अधिनियम 1952 के तहत निर्मित नियमों एवं विनियमों द्वारा की जाती है जो केंद्रीय श्रम मंत्रालय के अन्तर्गत खान सुरक्षा महानिदेशालय धनबाद द्वारा प्रशासित है । खान अधिनियम एवं अधीनस्थ विधानों को प्रशासित करने के साथ-साथ खान सुरक्षा महानिदेशालय अन्य संबद्ध विधानों को भी प्रशासित करता है । ये इस प्रकार हैं:-

खान अधिनियम, 1952

- कोयला खान विनियम, 1957
- धातुमय खान विनियम, 1961
- तेल खान विनियम, 1984
- खान नियम, 1955
- खान व्यावसायिक प्रशिक्षण नियम, 1966
- खान बचाव नियम, 1985
- खान शिशु गृह नियम, 1966
- कोयला खान पिट हेड बाथ नियम, 1959

विद्युत अधिनियम, 1910

- भारतीय विद्युत नियम, 1966 (जहां तक इनका संबंध है वे केवल खानों से संबंधित हैं)

संबद्ध विधान

- फैक्ट्री अधिनियम, 1948, अध्याय III&IV
- पर्यावरण सुरक्षा अधिनियम, 1986 के अर्न्तगत1989 में गठित नियमों के तहत खतरनाक रसायनों के निर्माण, भंडारण एवं आयात ।
- भूमि अधिग्रहण (खान) अधिनियम, 1885
- कोयला खान (संरक्षण एवं विकास) अधिनियम, 1974

संगठनात्मक स्वरूप

13.30 खान सुरक्षा महानिदेशालय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के तहत एक अधीनस्थ कार्यालय है, जिसका मुख्यालय धनबाद (झ ारखंड) में है और □ा-न सुर□ा महा-निदेश□ इसके विभागाध्यक्ष होते हैं । मुख्यालय में महानिदेशक के सहायतार्थ खनन, विद्युत एवं यांत्रिक इंजीनियरिंग के अलावे व्यावसायिक स्वास्थ्य, सांख्यिकी, विधि, सर्वेक्षण, प्रशासन एवं ले□ा संभा□ों □ विशेषज्ञ अधिकारी/कर्मचारी कार्यरत है । मुख्यालय में एक तकनीकी पुस्तकालय एवं विज्ञान एवं तकनीकी प्रयोगशाला भी है जो संगठन को तकनीकी सुविधाएँ मुहैया कराता है । क्षेत्रीय संगठन क्षेत्रीय □ार्यालय □ रूप में द्विस्तरीय नेटवर्क के रूप में कार्य करता है । समस्त देश छः जोनों में विभाजित है और प्रत्येक जोन के प्रमुख खान सुरक्षा उपमहानिदेशक होते हैं । प्रत्येक जोनल कार्यालय के अधीनस्थ तीन से चार क्षेत्रीय कार्यालय है, जिसका प्रमुख खान सुर□ा निदेशक होता है। समस्त देश में कुल 21 □ेत्रीय □ार्यालय हैं। क्षेत्रीय कार्यालयों से दूर गहन खनन क्षेत्रों में पाँच उप क्षेत्रीय कार्यालय भी स्थापित किए गए हैं जो प्रत्येक खान सुरक्षा उप-निदेशक के अधीन कार्य करता है । प्रत्येक जोन में खनन संवर्ग के निरीक्षण अधिकारियों के अलावा विद्युत इंजीनियरिंग, यांत्रिक इंजीनियरिंग तथा व्यावसायिक स्वास्थ्य संभाग के अधिकारी भी होते हैं। खान सुरक्षा महानिदेशालय में स्वीकृत कुल पदों □ी सं□या दि-नां□ 31.10.05 तक 996 हैं जिनमें 747 पद भरे हुये हैं जो नीचे की तालिका से स्पष्ट है:-

श्र□ी	संस्वीकृत पद	वर्तमान कार्यरत पद
श्र□ी □	177	133
श्र□ी □ा	104	85
श्र□ी □	468	355
श्रेणी घ	247	174
यो□	996	747

दुर्घटना की प्रवृत्ति

13.31 कोयला और गैर कोयला खानों में हुई प्राणघातक एवं गंभीर दुर्घटनाओं की प्रवृत्ति **(तालिका 13.4)** में दर्शायी गयी है । □ोयला एवं गैर कोयला खानों की प्राणघातक दुर्घटनाओं का कारणवार वितरण **तालिका 13.5** एवं **13.6** में दर्शाया □या है। कोयले की परत छत और साईड से गिरना कोयला खानों में प्राणघातक दुर्घटनाओं का सबसे वडा कारण रहा। उसके बाद डंपर और ट्रकों के कारण गैर कोयला खानों से सर्वाधिक प्राणघातक दुर्धटना हुई।

दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए खान सुरक्षा महानिदेशालय ने अनेक कदम उठाये हैं।

सुरक्षा उपाय

13.32 खानों में आवश्यक सुरक्षा उपायों के प्रवर्तन को सुनिश्चित करने के लिए खान सुरक्षा महा-निदेशालय के निरीक्षण अधिकारियों द्वारा निरीक्षण और जाँच पड़ताल किया जाता है । कोयला, धातु एवं तेल के खानों का निरीक्षण □र-ने □ साथ-साथ □ा-न सुर□ा महा-निदेशालय प्राणघातक, गंभीर एवं खतरनाक दुर्घटनाओं की भी जाँच करता है और वैसी दुर्घटनाओं की पुनरावृति की रोकथाम के लिए उपाय हेतु सिफारिश भी करता है ।

- वर्ष 1997 से वर्ष 2006 तक दुर्घटनाओं का विवरण तालिका 13.6ए में दर्शाया गया है।
- खान अधिनियम, 1952 की धारा 22 एवं 22 अ कोयला खान विनियम, 1957 के विनियम 103 एवं धातुमय खान विनियम 1961 के विनियम 108 के तहत खानों में या उसके भाग में व्यक्तियों को रोजगार उपलब्ध कराने को निषिद्ध करने या विरोघ करने सम्बन्धित सुधार सूचना एवं निषेधात्मक आदेश जारी करने की शक्ति

खान सुरक्षा महानिदेशालय को दी गई है ।

- अप्रैल 2006 से सितंबर 2006 तक कोयला खानों को 60 नोटिस एवं 30 आदेश और गैर कोयला खानों को 31 सूचनाएँ और 119 आदेश जारी किये गये हैं ।
- तालिका 13.7 में वर्ष 1995 से आगे की गयी निरीक्षणों एवं पड़तालों की संख्या दर्शायी गयी है।

परिपत्र

13.33 व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा सम्बन्धित व्यापक जटिल मामलों पर खान सुरक्षा महानिदेशालय खनन उद्योग को परिपत्र जारी करता है । वर्ष 2005-06 के दौरान खनन उद्योग को 4 तकनीकी परिपत्र, 1 तकनीकी निर्देश तथा 1 सामान्य निर्देश जारी किया गया है ।

सक्षमता जाँच

13.34 यह सुनिश्चित करने के लिए कि खान प्रबंधक, सर्वेक्षक, ओवरमैन, फोरमैन, आदि के पदों पर केवल सक्षम व्यक्ति ही नियुक्त किया जाय, खान सुरक्षा महानिदेशालय कोयला खान विनियम 1957 एवं धातुमय खान विनियम 1961 के तहत गठित खनन परीक्षा बोर्ड के तहत परीक्षाएँ संचालित करता है और सक्षमता प्रमाण पत्र प्रदान करता है । अप्रैल 2006 से अक्टुबर 2006 तक निर्गत सक्षमता प्रमाण-पत्रों का विवरण तालिका 13.8 में दिया गया है ।

खान सुरक्षा उपकरणों का अनुमोदन

कोयला खान विनियम, 1986, धातुमय खान विनियम, 1961, तेल खान विनियम, 1984, खान बचाव नियम, 1985 तथा भारतीय विद्युत नियम, 1956 के विभिन्न प्रावधानों के तहत वर्णित वैधानिक अपेक्षाओं की पूर्ति हेतु खानों में प्रयुक्त विविध उपकरणों की मंजूरी मुख्य खान निरीक्षक, (जिन्हें खान सुरक्षा महानिदेशक के रूप में भी पदनामित किया गया है) द्वारा दी जाती है। अनुमोदन की प्रक्रिया के अन्तर्गत निर्माताओं द्वारा अपनायी गयी गुणवत्ता नियंत्रण प्रणाली तथा उन उपकरणों एवं सामग्रियों इत्यादि के निर्माण संबंधित उनकी क्षमता को पता लगाने के लिए आवेदनों की संवीक्षा शामिल है, जो प्रतिकूल खनन दशाओं में भी लंबे समय तक कार्य करता रहे। उन उपकरणों की भारतीय मानक के अनुकूलता की संपुष्टि करना अनिवार्य है और यदि कई उपकरणों में भारतीय मानक उपलब्ध नही है तो उत्पादन करनेवाले देश के मानकों आदि (आइ एस ओ / ई एन / डी आइ एन इत्यादि) के अनुरूप होने चाहिए। उस आवेदन पत्र में आवश्यक मानक संबंध में अनुमोदित प्रयोगशाला से जारी जाँच प्रमाण-पत्र होना आवश्यक है। कागजात की संवीक्षा करने तथा उन्हें व्यवस्थित पाये जाने के उपरान्त उपकरणों को विभिन्न खानों में ले जाकर उनकी भूमिगत (पिट) परिप्रेक्ष्य के संदर्भ में क्षमता की जॉच के लिए क्षेत्रीय जाँच की अनुमति दी जाती है। उपकरणों की सफलतापूर्वक जाँच के उपरान्त कार्यक्षेत्र संबंधित खान प्रबंधन से निष्पादन रिपोर्ट मँगायी जाती है। उन प्रतिवेदनों को संतोषजनक पाये जाने पर विशेष अवधि के लिए नियमित मंजूरी दी जाती है।

अनुमोदित किये जानेवाले मशीनों / उपकरणों एवं सामग्रियों को निम्नवत श्रेणी में विभाजित किया जा सकता है:-

(i) निजी सुरक्षात्मक उपकरण
(ii) पर्यावरण का प्रबोधन करनेवाले उपकरण
(iii) बचाव उपकरण
(iv) विधुतीय उपकरण एवं केबल

(v) विस्फोटक तथा उपयंत्र
(vi) खनन कार्य संपादित करनेवाले मशीन तथा अन्य उपकरण तथा
(vii) भूमिगत खानों में उपयोग किये जानेवाले सुरक्षा उपकरण

वर्ष 2005-06 □ दौरा-ा □ा-नों में प्रयो□ के लिए मशीनों तथा उपकरणों आदि की 97 अनुमतियाँ दी गयी जबकि 1.4.2006 से 31.10.2006 के दौरान यह संख्या 71 आँकी गयी।

राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार (खान)

13.35 भारत सरकार ने खान अधिनियम, 1952 के तहत राष्ट्रीय स्तर पर उच्च कोटि की सुरक्षा उपलब्धियों की समुचित पहचान कराने के विचार से वर्ष 1983 में (प्रतियोगिता वर्ष 1982 के लिए) राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार की शुरूआत की। यह पुरस्कार प्रत्येक वर्ष दिया जाता है । प्रतियोगिता वर्ष 2002 एवं 2003 के लिए पुरस्कृत किये जानेवाले खानों या विजेता खानों की सूची को अंतिम रूप दे दिया गया है और पुरस्कार वितरण समारोह शीघ्र ही सम्पन्न किया जाना संभावित है।

चालू प्लान योजनाएँ

विज्ञान एवं तकनीकि क्षमताओं, खान बचाओं सेवाओं एवं मानव संसाधन विकास (विज्ञान एवं तकनीकी) का संवर्द्धन

